-:प्रेस नोट:-

दिनांक-08.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा घर से नाराज होकर गए 13 वर्षीय बालक का पता लगाकर 03 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 08.06.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम हुए 13 वर्षीय बालक का पता लगाकर 03 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। गौरतलब हो कि आज दिनांक 08.06.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र गायत्री नगर के रहने वाले रामस्वरूप श्रीवास द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि उनका 13 वर्षीय बालक घर से नाराज होकर कहीं चला गया। सूचना पर तत्काल कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बच्चे के सकुशल बरामदगी हेतु टीम गठित करते हुए कस्बे में जाकर आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए तथा क्षेत्र में लगे CCTV कैमरों की फुटेज की गहन जांच करते हुए बच्चे को 03 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके पिता को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 अरविन्द्र कुमार
2. म0उ0नि0 रश्मि सिंह
3. कां0 अनुराग यादव
4. कां0 प्रशान्त कुमार
5. कां0 मनीष शुक्ला
6. रि0का0 शरद सिंह